# देश के अग्रणी डिस्कॉम्स में शामिल हुआ अजमेर डिस्कॉम

## चर्चा में क्यों?

12 अप्रैल, 2023 को भारत सरकार के ऊर्जा विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2022 के लिये, जारी 11वीं पावर यूटिलिटिज इंटग्रिेटेड रेटिंग व रैंकिंग में अजमेर डिस्कॉम ने 8 स्थानों की छलांग लगा 19वाँ स्थान प्राप्त किया है।

## प्रमुख बिंदु

- राजस्थान के अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा बिजली चोरी के विरुद्ध अभियान तथा शत-प्रतिशत राजस्व वसूली करने के कारण ही अजमेर डिस्कॉम का नाम देश के अग्रणी डिस्कॉम्स में शामिल हो गया है।
- इससे पहले अजमेर डिस्कॉम 27वें स्थान पर था जो 8 स्थानों की छलांग लगा 19वें स्थान पर आ गया है। राज्य के तीनों डिस्कॉम में अजमेर डिस्कॉम अग्रणी रहा है। इस रैंकिंग में जयपुर डिस्कॉम को 29वाँ तथा जोधपुर डिस्कॉम को 39वाँ स्थान मिला है।
- अजमेर डिस्कॉम ने अपने वार्षिक स्कोर को 21.5 से बढ़ाते हुए 62.1 किया है। इस वजह से अजमेर डिस्कॉम को ग्रेडिंग का भी फायदा हुआ है। अजमेर डिस्कॉम की पहले ग्रेडिंग 'सी' थी, जो अब सुधरकर 'बी'हो गई है।
- गौरतलब है कि छीजत में कमी और राजस्व सुधारों के दम पर अजमेर डिस्कॉम का नाम अब देश के टॉप डिस्कॉम में शामिल हो गया है। ऑनलाइन पेमेंट को बढ़ावा देकर अजमेर डिस्कॉम ने लगभग 101 प्रतिशत राजस्व वसूली कर बिजली वितरण कंपनियों के लिये नए आयाम स्थापित किये। साथ ही अपने कई नवाचारों तथा बिजली चोरों पर कार्यवाही कर विद्युत छीजत को 10.40 प्रतिशत पर सीमित किया है।
- वर्ष 2018-19 में डिस्कॉम की हानि 2793.83 करोड़ रुपयों की थी। अजमेर डिस्कॉम की टीम ने वित्तीय वर्ष 2021-22 में 550 करोड़ से अधिक रुपयों का लाभ अर्जित किया है।
- वहीं वर्ष 2018-19 में डिस्कॉम की छीजत 17.81 प्रतिशत थी। बिजली चोरों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाकर छीजत को मात्र 10.40 प्रतिशत पर ही सीमित कर दिया था।
- छीजत को कम करने के लिये अजमेर डिस्कॉम द्वारा कई नवाचार किये गए जो निर्विवाद रूप से सफल साबित हुए। इनमें मुख्य रूप से बिजली चोरी वाले संभावित क्षेत्रों में 4/6 मीटर वाले बॉक्सेज की स्थापना, सभी उपखंडों में मिनी मीटर लैब की स्थापना, सर्विस लाइन विजिबिल अभियान, कॉर्डिनेट कैप्चरिंग, आदर्श जीएसएस अभियान, आदर्श फीडर अभियान, अवैध ट्रांसफार्मरों को जब्त करना, अनकवर्ड मीटर को कवर्ड करना तथा प्रत्येक उपखंड में ट्रांसफार्मर रिपेयर लैब शामिल करना मुख्य है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ajmer-discom-joined-the-leading-discoms-of-the-country